दिनांक 29.07.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सात सदस्यीय समन्वय समिति गठित

भिलाई नगर। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सयुंक्त समन्वय समिति गठित किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग , मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के आदेशानुसार समिति के सदस्यों को योजना का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। सात सदस्यीय सयुंक्त समन्वय समिति में निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी योजना के नोडल अधिकारी होंगे। महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रेखा बघेल समिति की अध्यक्ष होंगी। सुनिता सिंह उपाध्यक्ष, उर्मिला सिंह हटिले सयुक्त सचिव और शोभा साहू समिति की सदस्य होंगी। पीआईयू के मिशन समन्वयक अभिनव ठोकने समिति के विशेषज्ञीय सदस्य होंगे। नगर पालिक निगम भिलाई के लेखा अधिकारी जितेन्द्र कुमार ठाकुर समिति के सदस्य व सचिव होंगे। आयुक्त के आदेशानुसार समन्वय समिति गोधन न्याय योजना के पंजीकृत हितग्राहियों से गोबर खरीदी और समूह के सदस्यों का भुगतान बैंक खाते का संचालन आदि प्रक्रिया करेंगे। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने गोबर खरीदी भुगतान की प्रक्रिया को लेकर किया गौठान का निरीक्षण नगर पालिक निगम भिलाई के उपायुक्त एवं गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी अशोक द्विवेदी ने आज गोबर खरीदी की भुगतान प्रक्रिया को लेकर गौठान का निरीक्षण किया! जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि भुगतान से संबंधित संपूर्ण तैयारियां कर ली गई है , पशुपालकों का कोड जनरेट होते ही उनके खाते में 5 अगस्त तक राशि प्रेषित कर दी जाएगी! पंजीकृत समूह का गोधन न्याय योजना हेतु सहकारी बैंक में खाता खोला जाएगा!